# अमीरी एवं कामयाबी के गुण

## Elements of Wealth & Success

***If you vision things differently you can do things differently.***
**—Ram Bajaj**

***Millions of people are always interested in JACKPOT but JACKPOT is interested in only one.***

**अमीरी** एवं कामयाबी एक संयोग नहीं है जो कि इंसान को इंतजार करते-करते जीवन में कभी मिल जावेगी। कामयाबी प्राप्त करने के लिए जिन्दगी में बहुत-कुछ करना पड़ता है। ज्यादातर भाग्य पर भरोसा करने वाले व्यक्ति किसी लॉटरी के लगने का इंतजार करते रहते हैं। लाखों लोग, जो कि लॉटरी टिकट खरीद कर अपना भाग्य अजमाना चाहते हैं, उनमें से कामयाबी सिर्फ एक व्यक्ति को ही भाग्य भरोसे मिलेगी—बाकी अन्य लोगों का हश्र तो समय व रुपयों की बरबादी ही होगा और अन्त में नाकामयाबी।

*एक राजा अपने मंत्री के साथ जंगल में जा रहे थे तो रास्ते में एक मूर्तिकार के घर के सामने एक भव्य मूर्ति को देखकर, बड़े आश्चर्यचकित हो, खड़े रह गये। सुन्दर व भव्य मूर्ति को देखते-देखते राजा का समय ऐसे निकला कि उसको समय का पता ही नहीं चला। उसने अपने मंत्री को बुलाकर मूर्तिकार को आशीर्वाद देने के लिए जब पुकारा तो मूर्तिकार राजा के सामने हाथ जोड़कर खड़ा हो गया। राजा ने मूर्तिकार को कहा, 'भगवान ने तुम्हारे हाथों बहुत बढ़िया हुनर दिया है जिससे यह मूर्ति बनी। तुम्हें भगवान के प्रति बहुत ज्यादा शुक्रगुजार होना चाहिए।*

*मूर्तिकार ने राजा को जवाब दिया, 'महाराज, इसमें कोई शक नहीं कि भगवान ने मुझे इस तरह के हाथ व इन हाथों द्वारा बनाई गई यह मूर्ति प्रदान की है, जिसके लिए मैं हमेशा भगवान का शुक्रगुजार हूँ। परन्तु, आपको इस पत्थरनुमा मूर्ति को पहले देखना चाहिए था, जब यह पत्थर सिर्फ भगवान के हाथ में था तथा यहाँ कई वर्षों से भगवान के पास ऐसा ही पड़ा था। आदमी (मूर्तिकार) ने लगन से कड़ी मेहनत की तभी इसे ऐसी भव्य मूर्ति का रूप प्राप्त हुआ।'*

निष्कर्षतः सच्ची लगन व कड़ी मेहनत से ही सफलता प्राप्त होती है।

***सफलता का पहला रहस्य है–आत्मविश्वास।***
**—चाणक्य**

***Success is never by chance it is always by choice.***

### भाग्य व अन्धविश्वास

*भाग्य के चक्कर में ही इंसान अपने जीवन में दुःख भर लेता है। मैं एक ऐसे आदमी को जानता हूँ जिसे राशिफल पर अन्धविश्वास था। प्रतिदिन समाचारपत्र में अपना राशिफल देखता और फिर कोई काम करता।*

*एक दिन उसके राशिफल में लिखा कि आज दुर्घटना की सम्भावना है। उसी दिन उसका बेटा बीमार पड़ गया। डाक्टर ने उसे दवा लाने के लिए भेजा। दवाई की दुकान वहाँ से काफी दूर थी। बिना किसी वाहन के वहाँ जाना सम्भव नहीं था। वह अपने राशिफल के कारण बाहर नहीं जा सकता था। अन्त में उसने अपने पड़ोसी की कार से आदमी भेजकर दवाई मँगाई। परन्तु, तब तक दवाई लाने में बहुत देर हो चुकी थी, जिसका परिणाम था, दवाई आने तक लड़के की मृत्यु। राशिफल के चक्कर में अपना लड़का गंवा बैठा।*

इसी प्रकार हम भी भाग्य व अवसर के इंतजार में अपनी सफलता की ही जान ले लिया करते हैं। भाग्य व अवसर की प्रतीक्षा छोड़कर अपना कार्य आरम्भ कर देना चाहिए तथा अपने भाग्य को मेहनत व प्रेरणा के सहारे खुद लिखना चाहिए।

## सफलता एवं अमीरी क्या है?
## What is Success & wealth ?

**अमीरी** व सफलता कुछ बुनियादी सिद्धान्तों का कड़ी मेहनत के साथ लगातार पालन करने का फल है। गरीबी ठीक अमीरी का उल्टा है।

कुछ शख्सियतों में ऐसी खास बातें होती हैं कि वे व्यक्ति एक के बाद एक सफलता पाते व धनवान बनते चले जाते हैं जबकि दूसरे लोग असफल होते जाते हैं और गरीब ही रहते हैं।

कुछ व्यक्ति जिंदगी में भारी मुसीबतों का सामना करते हुए, अपने लक्ष्यों का पीछा करते हुए अन्त में अपना लक्ष्य पा ही लेते हैं, जबकि दूसरा बेवकूफ व्यक्ति न तो संघर्ष करता है और ना.ही अन्य कुछ। सिर्फ वक्त गुजारता है।

असाधारण व्यक्ति (Extraordinary Person) अपनी कामयाबी के लिए अवसरों को ढूँढ़ते रहते हैं तथा जिस वक्त भी अवसर (opportunity) प्राप्त हो जाती है, उस पर सवार होकर तुरन्त आगे बढ़ जाते हैं। जबकि, साधारण व्यक्ति (Ordinary Person) अवसरों की तलाश में ही पूरा जीवन व्यतीत कर देते हैं और अन्त में उनको नाकामयाबी ही हाथ लगती है और बाकी का सारा जीवन भगवान के भरोसे छोड़ देते हैं। जिन्दगी में असफलता का मतलब है कि सफलता के लिए किए गए प्रयासों में बार-बार व अनेक बार गलतियाँ करते रहना जबकि सफल व्यक्ति एक बार गलती करके दोहराता नहीं है। उस गलती से सीखते हुए आगे बढ़ जाता है और कामयाबी प्राप्त कर लेता है। सफल व्यक्ति सिर्फ सीखते रहते हैं, जबकि असफल व्यक्ति सिर्फ खोते रहते हैं, जिन्दगी जीने के लिए पेट काटते हैं।



***जीतने की इच्छा सभी में होती है। मगर जीतने की इच्छा और तैयारी में फर्क है और तैयारी करने की इच्छा बहुत कम लोगों में होती है।***

**—विंस लम्बार्डी**

❖

***वही लोग जीत पाते हैं जो लोग हिम्मत के साथ नए रास्तों को चुनते हैं।***

**—राम बजाज**

## अमीरी का रहस्य क्या है?
## How do we define Success ?

## प्रेशर कुकर और जल्दी भोजन

### विज्ञान का एक नियम

**अमीरी** का रहस्य एक खाना पकाने वाले प्रेशर कुकर पर आधारित सिद्धान्त है। जिसमें खाना जल्दी बनने के प्राकृतिक नियमों का इस्तेमाल किया है। यह वास्तव में तापमान नापने वाले थर्मामीटर व दबाव नापने के बेरोमीटर से नापा जा सकता है। केमिस्ट्री (Chemistry) में चार्ल्स और बोयल्स नियम पर आधारित है। जिसके अनुसार गैस का दबाव, तापमान पर निर्भर है (Pressure is directly proportionate to the temperature)।

जब कुकर गर्म होता है तो पानी उबलता है और स्टीम (वाष्पीकृत पानी) बनाता है। उसके अणु (मौलिक्यूल) फैल जाते हैं और गैस में तब्दील हो जाते हैं। स्टीम के नीचे गैस जलते रहने के कारण कुकर अन्दर से अत्यधिक गरम हो जाता है। इस स्टीम को बाहर निकलने की राह नहीं मिलती, इस कारण कुकर के भीतर बहुत अधिक प्रेशर बन जाता है। कुकर के अन्दर मौजूद स्टीम साधारण पानी के उबलने पर बनने वाली स्टीम से अधिक गर्म होती है। जैसे-जैसे प्रेशर बढ़ता है-तापमान भी बढ़ता जाता है। इस प्रकार भोजन जल्दी पक जाता है। निर्धारित क्षमता से अधिक प्रेशर जब कुकर में जमा हो जाता है तो ढक्कन पर लगे प्रेशर रिलीज वॉल्व से अधिक स्टीम बाहर निकल जाती है। यह क्रिया गृहिणियाँ भोजन के पकने के हिसाब से दोहराती रहती है।